## नवनिर्मित मल्टीस्पेशलिटी मेवाड़ हॉस्पिटल का शुभारम्भ

# आधुनिक मशीनों से मरीजों को मिलेगी बेहतर सुविधाएं: डॉ. हर्षवर्धन





**गंगरार, 1 मार्च (जसं.)।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी परिसर में नवनिर्मित सौ बेड के सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने उद्घाटन किया।

पूर्व मंत्री ने मेवाड़ हॉस्पिटल में रेडियोलोजी व हार्ट सेंटर में लगी आधुनिक मशीनों को देखकर कहा कि यहां मरीजों को सभी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी, जिससे लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से काम करने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सतत भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि एक अच्छा इंसान बनना चुनौती है, लेकिन एक अच्छा डॉक्टर बनना उससे भी बड़ी चुनौती है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में सपने जरूर देखने चाहिए और उन सपनों को पूरा करने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए। आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर के प्रिंसिपल डॉ. लखन पोसवाल ने कहा कि दोनों मेवाड़ हॉस्पिटल और आरएनटी मेडिकल कॉलेज समय-समय पर मेडिकल कैंप लगाकर व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मरीजों को बेहतर इलाज करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर उन्होंने देश व राज्य में चल रही विभिन्न चिकित्सा संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि देश में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जा सके इस हेतु सरकार प्रयासरत है ताकि कोई इंसान इलाज से वंचित नहीं रह सके।

इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी ने कहा कि मेवाड़ हॉस्पिटल के आसपास के क्षेत्रों के लिए एक वरदान के रूप में साबित होगा। मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक कुमार गदिया ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य कम मूल्य में बेहतर व रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना है। इसी तरह मेवाड़ हॉस्पिटल का उद्देश्य भी गरीब व जरुरतमंद लोगो को कम मूल्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।

उद्घाटन समारोह के मौके पर जिला कलक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, पूर्व राज्य मंत्री श्रीचंद कृपलानी, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, अशोक नवलखा सहित शहर के गणमान्य नागरिको ने भी हॉस्पीटल में आपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी मशीन कक्ष, आसीयू कक्ष, आपातकालीन एवं ओपीडी सेवाऐं, डिजिटल एक्स-रे एवं ईसीजी, एम्बुलेन्स, फॉर्मेसी सुविधा व अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरणों का अवलोकन किया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

इस अवसर पर निःशुल्क नेत्र व दन्त चिकित्सा शिविर और स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जिसमें 240 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। शिविर में 800 व्यक्तियों की निःशुल्क नेत्र और दातों की जाँचे की गई। इस शिविर में गंगरार, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, हमीरगढ़ व आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने लाभ उठाया। इस आयोजन में मेवाड़ एज्युकेशन सोसायटी के चेयरमैन गोविन्द लाल गदिया, बोर्ड ऑफ मैनेजमेन्ट के सदस्य राधाकिशन गदिया, अर्पित माहेश्वरी, प्रति कुलपति आनन्द वर्द्धन शुक्ला, प्रति कुलपति सर्वोत्तम दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Jannayak 02-03-2023

पंचायतों के सरपंच तहसीलदार बराबर मिलता रहेगा।

# मेवाड़ हॉस्पीटल की आधुनिक सुविधाओं को देखकर अभिभूत हुए - पूर्व चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

## 100 बैड का नवनिर्मित मेवाड़ हॉस्पीटल का उद्घाटन किया पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने

## आसपास के मरीजों को मिलेगा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

**चमकता राजस्थान**



**चित्तौड़गढ़( लाइव स्टोरी-अमित कुमार चेचानी )।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी परिसर में नवनिर्मित 100 बेड के सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा सांसद डॉ हर्षवर्धन ने उद्घाटन किया। उन्होंने मेवाड़ हॉस्पिटल में रेडियोलोजी व हार्ट सेंटर में लगी आधुनिक मशीनों और चिकित्सा सुविधाओं को देखकर अभिभूत हो गए और अस्पताल प्रबंधन की भी जमकर तारीफ की । उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि इसी हॉस्पिटल में मरीजों को सभी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाएगी । लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा । इस उद्घाटन अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ लखन पोसवाल और वाइस चांसलर डॉक्टर आलोक कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में आयोजित भारत के स्वास्थ्य व चिकित्सा मुद्दे पर पर व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ अशोक कुमार गदिया की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गयी। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन समेत सभी मंचासीन अतिथियों का परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ हर्षवर्धन ने मौजूदा सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से काम करने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है और मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सतत भूमिका निभा रहा है ।उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छा इंसान बनना चुनौती है लेकिन एक अच्छा डॉक्टर बनना उससे भी बड़ी चुनौती है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में सपने जरूर देखने चाहिए और उन सपनों को पूरा करने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए। मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कारवान व योग्य बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है, जो एक पुनीत कार्य है। वही उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ लखन पोसवाल ने भी मेडिकल कॉलेज की काफी प्रशंसा की और उन्होंने भविष्य में मेवाड़ हॉस्पिटल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई । उन्होंने कहा कि दोनों मेवाड़ हॉस्पिटल और आरएनटी मेडिकल कॉलेज समय-समय पर मेडिकल कैंप लगाकर और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मरीजों को बेहतर इलाज करने का प्रयास करेंगे । इस मौके पर उन्होंने देश व राज्य में चल रही विभिन्न चिकित्सा संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि देश में चिकित्सकों की संख्या बढ़ाई जा सके इस हेतु सरकार प्रयासरत है ताकि कोई इंसान इलाज से वंचित नहीं रह सके।

इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कहा कि मेवाड़ हॉस्पिटल चित्तौड़गढ़ के आसपास के क्षेत्रों के लिए एक वरदान के रूप में साबित होगा। मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक कुमार गदिया ने कहा कि मेवाड़ विश्वविद्यालय का उद्देश्य कम मूल्य में बेहतर व रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना है इसी तरह मेवाड़ हॉस्पिटल का उद्देश्य भी गरीब व जरूरतमंद लोगो को कम मूल्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। कार्यक्रम के अंत में वाइस चांसलर डॉ आलोक कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथियों, चिकित्सकों, मेडिकल स्टॉफ, जनप्रतिनिधियों व उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेवाड़ विश्वविद्यालय की पूरी टीम शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है और आगे भी यह कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करती रहेगी। उद्घाटन समारोह के मौके पर आए हुए जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, पूर्व राज्य मंत्री श्री चंद कृपलानी, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, अशोक नवलखा सहित शहर के गणमान्य नागरिको ने भी हॉस्पीटल में आपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी मशीन कक्ष, आसीयू कक्ष, आपातकालीन एवमं ओपीडी सेवाऐं, डिजिटल एक्स-रे एवं ईसीजी, एम्बुलेन्स, फॉर्मेसी सुविधा व अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरणों का अवलोकन किया।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

इस अवसर पर मेवाड़ हॉस्पीटल में एक नि:शुल्क नेत्र और दन्त चिकित्सा शिविर और स्वेच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। मेवाड़ हॉस्पिटल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर चित्तौड़गढ स्थित सांवरिया हॉस्पिटल के ब्लड बैंक के सहयोग से वही निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

# मेवाड़ हॉस्पीटल की आधुनिक सुविधाओं को देखकर अभिभूत हुए - पूर्व चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

## 100 बैड का नवनिर्मित मेवाड़ हॉस्पीटल का उद्घाटन किया पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने

## आसपास के मरीजों को मिलेगा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ

सच मीडिया





**चित्तौड़गढ कुमार चेचानी)।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी परिसर में नवनिर्मित 100 बेड के सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा सांसद डॉ हर्षवर्धन ने उद्घाटन किया। उन्होंने मेवाड़ हॉस्पिटल में रेडियोलोजी व हार्ट सेंटर में लगी आधुनिक मशीनों और चिकित्सा सुविधाओं को देखकर अभिभूत हो गए और अस्पताल प्रबंधन की भी जमकर तारीफ की । उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि इसी हॉस्पिटल में मरीजों को सभी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाएगी । लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा । इस उद्घाटन अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ लखन पोसवाल और वाइस चांसलर डॉक्टर आलोक कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में आयोजित भारत के स्वास्थ्य व चिकित्सा मुद्दे पर पर व्याखान कार्यक्रम की शुरुआत मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ अशोक कुमार गदिया की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गयी। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ हर्षवर्धन समेत सभी मंचासीन अतिथियों का परंपरागत रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ हर्षवर्धन ने मौजूदा सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से काम करने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है और मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सतत भूमिका निभा रहा है ।उन्होंने आगे कहा कि एक अच्छा इंसान बनना चुनौती है लेकिन एक अच्छा डॉक्टर बनना उससे भी बड़ी चुनौती है। विद्यार्थियों को अपने जीवन में सपने जरूर देखने चाहिए और उन सपनों को पूरा करने की भरपूर कोशिश करनी चाहिए। मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कारवान व योग्य बनाने का सराहनीय कार्य कर रहा है, जो एक पुनीत कार्य है। वहीं उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ लखन पोसवाल ने भी मेडिकल कॉलेज की काफी प्रशंसा की और उन्होंने भविष्य में मेवाड़ हॉस्पिटल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई । उन्होंने कहा कि दोनों मेवाड़ हॉस्पिटल और आरएनटी मेडिकल कॉलेज समय-समय पर मेडिकल कैंप लगाकर और वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मरीजों को बेहतर इलाज करने का प्रयास करेंगे । इस मौके पर उन्होंने देश व राज्य में चल रही विभिन्न चिकित्सा संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि देश में

# सौ बैड के नवनिर्मित मेवाड़ हॉस्पिटल का उद्घाटन किया

## आधुनिक सुविधाओं को देखकर अभिभूत हुए पूर्व चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन

**गंगरार (प्रातःकाल संवाददाता)।** मेवाड़ यूनिवर्सिटी परिसर में नवनिर्मित सौ बेड के सुपर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा सांसद डॉ हर्षवर्धन ने उद्घाटन किया। उन्होंने मेवाड़ हॉस्पिटल में रेडियोलोजी व हार्ट सेंटर में लगी आधुनिक मशीनों और चिकित्सा सुविधाओं को देखकर अभिभूत हो गए और अस्पताल प्रबंधन की भी जमकर तारीफ की । उन्होंने पूर्ण विश्वास दिलाया कि इसी हॉस्पिटल में मरीजों को सभी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाएगी। लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। इस उद्घाटन अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ लखन पोसवाल और वाइस



चांसलर डॉक्टर आलोक कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में आयोजित भारत के स्वास्थ्य व चिकित्सा मुद्दे पर पर व्याख्यान कार्यक्रम की शुरुआत मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ अशोक कुमार गदिया की उपस्थिति में हुई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ हर्षवर्धन ने कहा कि निस्वार्थ भाव से काम करने से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है और मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सतत भूमिका निभा रहा है । उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ लखन पोसवाल ने भी मेडिकल कॉलेज की प्रशंसा की और उन्होंने भविष्य में मेवाड़ हॉस्पिटल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई । इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कहा कि मेवाड़ हॉस्पिटल चित्तौड़गढ़ के आसपास के क्षेत्रों के लिए एक वरदान के रूप में साबित होगा। अंत में वाइस चांसलर डॉ आलोक कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथियों, चिकित्सकों, मेडिकल स्टॉफ, जनप्रतिनिधियों व उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेवाड़ विश्वविद्यालय की पूरी टीम शिक्षा, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही है और आगे भी यह कार्य पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करती रहेगी। उद्घाटन समारोह के मौके पर आए हुए जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, पूर्व राज्य मंत्री श्री चंद कृपलानी, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, अशोक नवलखा सहित शहर के गणमान्य नागरिको ने भी हॉस्पीटल में आपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी मशीन कक्ष, आसीयू कक्ष, आपातकालीन एवमं ओपीडी सेवाऐं, डिजिटल एक्स-रे एवं ईसीजी, एम्बुलेन्स, फॉर्मेसी सुविधा व अत्याधुनिक चिकित्सीय उपकरणों का अवलोकन किया। इस अवसर पर मेवाड़ हॉस्पीटल में एक निःशुल्क नेत्र और दन्त चिकित्सा शिविर और स्वेच्छिक रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ ज्ञान प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 319 लोगों ने पंजीकृत कराया जिसमें 240 लोग ही ब्लड डोनेट करने के लिए उपयुक्त पाए गए। शिविर में अन्य लगभग 800 निःशुल्क नेत्र और दांतों की जाँचे की गई।

Pratahkal 02-03-2023

# पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने 100 बेड के मेवाड़ हॉस्पिटल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया



चित्तौड़गढ़ । मेवाड़ यूनिवर्सिटी परिसर में नवनिर्मित सौ बेड के सुपर मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल का बुधवार को पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व भाजपा सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर सांसद सीपी जोशी, उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. लखन पोसवाल और वाइस चांसलर डॉ. आलोककुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। महाराणा प्रताप सेमिनार हॉल में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अशोक कुमार गदिया की उपस्थिति में मुख्य अतिथि डॉ. हर्षवर्धन सहित अतिथियों का स्वागत किया। मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. ज्ञान प्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि मेवाड़ हॉस्पीटल में निशुल्क नेत्र व दंत चिकित्सा और रक्तदान शिविर भी आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में 319 का पंजीयन हुआ। इनमें से 240 ही ब्लड डोनेट करने के लिए उपयुक्त मिले। रक्तदान शिविर सांवलियाजी चिकित्सालय के ब्लड बैंक के सहयोग से नीमच स्थित गोमाबाई नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया। 800 रोगियों की निशुल्क नेत्र व दांतों की जांचे की गई। मुख्य वक्ता डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि मेवाड़ विश्वविद्यालय शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सतत भूमिका निभा रहा है। उदयपुर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. लखन पोसवाल ने भी भविष्य में मेवाड़ हॉस्पिटल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि मेवाड़ हॉस्पिटल आसपास के क्षेत्रों के लिए एक वरदान साबित होगा। वाइस चांसलर डॉ. आलोक कुमार मिश्रा ने आभार जताया। कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल, पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, जिला प्रमुख सुरेश धाकड़, पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने अवलोकन किया। चेयरमैन गोविंदलाल गदिया, बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य राधाकिशन गदिया, अर्पित माहेश्वरी, कुलपति आनंद वर्द्धन शुक्ला, कुलपति सर्वोत्तम दीक्षित आदि मौजूद थे।

Dainik Bhaskar 02-03-2023